दिनांक 09.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा, भभुआ के परिसर में प्रस्तावित 204 क्षमता के पुरूष बंदी कक्ष के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति:-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख -सह- अपरआयुक्त -सह- विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री विनोद चौधरी,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

1	कार्य का नाम	- कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा, भभुआ के परिसर में प्रस्तावित 204 क्षमता के पुरूष बंदी कक्ष के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹3,22,53,000/- (संयुक्त सचिव-सह-निदेशक(प्र0), गृह विभाग कारा का ज्ञापांक-2200 दिनांक-15.03.2023)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹2,83,90,600/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-174(नि0) अनु0 दिनांक-19.12.2025)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹2,82,03,266/- (असैनिक कार्य) ₹13,76,043/- (विद्युत कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹2,95,79,310/- (विद्युतीकरण कार्य सहित)
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-007620(भ0) 26-27 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-14.07.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 21.07.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 25.07.2026 (अधी0अभि0) / 28.07.2026 (मु0अभि0)
9	निविदा की तिथि	- 21.07.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 12.08.2026
11	**निविदादाता का नाम एवं पता**	-

(1) मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD)।
(2) हितेश शेखर आजाद, चकभिकी, मुजफ्फरपुर (Reg. No- 2260194, Class-II, BCD)।
(3) श्री राम कंसट्रक्सन, रामगढ़ बाजार, भभुआ (Reg. No- MD/BSEIDCL/1060, Class-I, BSEIDCL)।
(4) संस्कृति इन्टरप्राईजेज, हाजीपुर, वैशाली (UDAYAM Reg.No- UDYAM-BR-37-0051354)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक-18.03.2026 को इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक-11.06.2026 को इस निविदा में सभी निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 30.09.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भभुआ द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

प्रथम निविदाकार मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

द्वितीय निविदाकार हितेश शेखर आजाद, चकभिकी, मुजफ्फरपुर (Reg. No- 2260194, Class-II, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉच के क्रम में पाया गया कि मुख्य अभियंता (उ0) उपभाग एवं मुख्य अभियंता (प0) उपभाग से Existing Commitment & Ongoing Works एवं Works for Which Bid already submitted की जानकारी ली गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजातों में दिनांक-24.04.2026 को Construction work of Panchayat Sarkar Bhawan in Vidyapati Nagar Block Smastipur Distt. for 01(1 Panchayat & Mauza-Serpur Dhepura) आवंटित कार्य का उल्लेख नहीं किया गया है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.8 के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

तृतीय निविदाकार श्री राम कंसट्रक्सन, रामगढ़ बाजार, भभुआ (Reg. No- MD/BSEIDCL/1060, Class-I, BSEIDCL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा उपलब्ध कराये गये पॉच वर्षो का ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर निविदा में मॉगी गयी Bidding Capacity की राशि ₹2,95,79,310/- के विरूद्ध ₹2,31,34,773/- पायी गयी। अतः इन्हें तकनीकी बीड में एस0बी0डी0 की कंडिका-4.7 के तहत **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** किया जाता है।

चतुर्थ निविदाकार संस्कृति इन्टरप्राईजेज, हाजीपुर, वैशाली (UDAYAM Reg.No- UDYAM-BR-37-0051354) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अग्रधन की राशि जमा नहीं किया गया है अतः एस0बी0डी0 के कंडिका-16.1(d) तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से एक निविदाकार को **"रिसपान्सिव"** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपान्सिव"** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD) को सफल एवं (2) हितेश शेखर आजाद, चकभिकी, मुजफ्फरपुर (Reg. No- 2260194, Class-II, BCD) (3) श्री राम कंसट्रक्सन, रामगढ़ बाजार, भभुआ (Reg. No- MD/BSEIDCL/1060, Class-I, BSEIDCL) (4) संस्कृति इन्टरप्राईजेज, हाजीपुर, वैशाली (UDAYAM Reg.No- UDYAM-BR-37-0051354) को असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

विषयांकित कार्य कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा, भभुआ के परिसर में प्रस्तावित 204 क्षमता के पुरूष बंदी कक्ष के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-30.09.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-15.10.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-	ह0/-
(विकास कुमार पाण्डेय)	**(विनोद चौधरी)**	**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**	**(प्रणव कुमार)**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता (द0)	अभियंता प्रमुख -सह- अपर आयुक्त	सचिव,
भवन निर्माण विभाग,	भवन निर्माण विभाग,	-सह- विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।	बिहार पटना।	भवन निर्माण विभाग,	बिहार पटना।
		बिहार पटना।	

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्राक्0-01-75/2025...2432... पटना/दिनांक...09/10/26...

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/10/2026

मुख्य अभियंता (द0)।

E/V/T.F.P./2026- 121